राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स के साथ एवं सम्बोधित करते हुए डम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा

विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट्स

दिनांक : 12 जनवरी, 2025 को राष्ट्रीय युवा दिवस पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर कंपनी 102 यूपी बटालियन द्वारा राष्ट्र नव निर्माण में युवा सशक्तीकरण व्याख्यान और खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

भारत माता, महायोगी गोरखनाथ, स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर पुष्प अर्पण और दीप प्रज्वलन कर व्याख्यान का शुभारंभ हुआ। राष्ट्र नव निर्माण में युवा सशक्तीकरण व्याख्यान में युवाओं का मार्गदर्शन करते हुए 102 यू.पी.एन.सी.सी. बटालियन के अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी ने संपूर्ण जीवन हिंदुत्व की रक्षा में समर्पित किया, वे हिंदुत्व की आध्यात्मिक दिव्यता के ज्योति पुंज है। युवाओं को अपने लक्ष्य पर केंद्रित होते हुए राष्ट्र रक्षा का संकल्प लेने के आगे आना होगा। युवा शक्ति अपने लक्ष्य के साथ अपनी परंपरागत संस्कारों से नींव को मजबूत रखें। युवाओं में असीम ऊर्जा है उसे राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित करें जिससे देश हित में ही हमारा विकास है। लेफ्टीनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा राष्ट्र के नव निर्माण में युवाओं का आह्वाहन करते हुए कहा कि सशक्त राष्ट्र निर्माण को मजबूत करने के लिए युवाओं को आगे आना होगा उम्र महत्वपूर्ण नहीं है स्वामी जी ने मात्र 23 वर्ष की आयु में आध्यात्म संकल्प से विश्व को हिंदुत्व का मूल कंठस्थ करा दिया था। राष्ट्र सेवा के संकल्प का उत्कृष्ठ उदाहरण भारतीय सेना है।

व्याख्यान की अध्यक्षता करते हुए लेफ्टीनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी का जीवन संपूर्ण राष्ट्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। विलक्षण प्रतिभा के धनी स्वामी जी ने संपूर्ण विश्व में भारत के धर्म संस्कृति के उत्थान का संकल्प सिद्ध किया।

व्याख्यान का संचालन सार्जेंट खुशी गुप्ता और श्रद्धा उपाध्याय ने किया। व्याख्यान से पूर्व अडम आफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा जी को सीनियर अंडर ऑफिसर सागर जायसवाल ने कैडेट्स के साथ गार्ड ऑफ ऑनर सैन्य सम्मान की परंपरा को पूर्ण किया। पायलट कैडेट श्रद्धा उपाध्याय और आंचल पाठक ने अतिथि को सम्मान दिया।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित विभिन्न खेल कूद प्रतियोगिता में कैडेट्स ने 400 मीटर, 100 मीटर दौड, सेक रेस, नींबू दौड़, सुई धागा दौड़ और टग ऑफ वॉर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। आयुर्वेद प्राचार्य डॉ. गिरिधर वेदान्तम जी ने विस्सल बजाकर दौड प्रतियोगिता का शुभारंभ और लेफ्टिनेंट कर्नल मिथुन मिश्रा ने सेक ऑफ रेस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

दौड प्रतियोगिता में 400 मीटर बालक वर्ग में प्रथम अरुण विश्वकर्मा, द्वितीय आदित्य, तृतीय सागर जायसवाल, सांत्वना अरविंद और अभिषेक मिश्रा, 100 मीटर दौड़ में प्रथम अरुण, द्वितीय सूरज, तृतीय आदित्य, सांत्वना अभिषेक, शिखर और आलोक, गर्ल्स 400 मीटर में प्रथम आंचल पाठक, द्वितीय उजाला सिंह, तृतीय काजल, सांत्वना पार्वती और श्रद्धा उपाध्याय रहीं। 100 मीटर गर्ल्स में प्रथम अस्मिता, द्वितीय आंचल, तृतीय संजना, सांत्वना खुशी, श्रद्धा, टैग ऑफ वार गर्ल्स टीम सीनियर विजेता रहा जिसमें श्रद्धा, शालिनी, खुशी, खुशी गुप्ता, चांदनी, संजना, आंचल ने प्रतिद्वंदी टीम को पटखनी दिया।

टग ऑफ वॉर जूनियर बॉयज कैडेट ने सीनियर्स को मैदान में पटका। नींबू दौड़ ब्याज प्रतियोगिता में प्रथम अभिषेक, द्वितीय कृष्णा, तृतीय नीलेश सांत्वना आलोक और अरविंद रहे। नींबू दौड़ प्रतियोगिता गर्ल्स कैडेट में प्रथम उजाला, द्वितीय खुशी गुप्ता, तृतीय खुशी यादव, सांत्वना श्रद्धा, शालनी और संजना रही। शेक रेस सीनियर बॉयज में प्रथम आदित्य, द्वितीय कृष्णा, तृतीय अमित, सांत्वना सागर यादव और सागर जायसवाल, गर्ल्स सीनियर सेक रेस में प्रथम आंचल, द्वितीय श्रद्धा, तृतीय खुशी यादव, सांत्वना खुशी गुप्ता और अमृता कन्नौजिया रही ।

आयोजन में प्रमुख रूप से कैडेट अतिका तिवारी, सूरज कुमार, ज्ञानेश्वर मौर्या, आदित्य विश्वकर्मा, अभिषेक चौरसिया, आशुतोष मणि त्रिपाठी, अनुभव, आशुतोष सिंह, चांदनी निषाद, मनीष गुप्ता, ममता, वसुंधरा, विकास यादव, अनुराधा, काजल गौतम, गौरी कुशवाहा, संजना शर्मा सहित सभी प्राचार्य, अधिष्ठाता विभागाध्यक्ष शिक्षक गण ने कैडेट्स का मनोबल बढ़ाया।